भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 443
02 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय- किसान भवनों का निर्माण

443. श्री विवेक ठाकुरः

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का किसानों को एकल विंडो सुविधा देने के लिए देश भर की हर पंचायत में किसान भवनों का निर्माण करने या ऐसी कोई दूसरी योजना लागू करने विचार है; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार का इन किसान भवनों पर खाद, बीज और कीटनाशकों की बिक्री के अलावा किसानों की उपज के वास्तविक समय बाजार मूल्य के बारे में जानकारी देने और इसे ई-एन.ए.एम पोर्टल से भी जोड़ने का विचार है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ख) इस विभाग में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। कृषि उत्पादों के दैनिक थोकमूल्य को एगमार्कनेट पोर्टल और ई-नाम पोर्टल तथा मोबाइल ऐप पर रिपोर्ट किए जाते हैं, ताकि किसान इसे आसानी से देख सकें। सब्सिडीयुक्त उर्वरकों का मूल्य सरकार निर्धारित करती है। बीज, कीटनाशक और सब्सिडी रहित उर्वरकों का मूल्य बाजार की मांग और आपूर्ति पर पर निर्भर होता है। निजी कंपनियों का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क हर क्षेत्र में अलग-अलग होता है।

*****